एक नजर में

गायब किशोरी का 10 दिन बाद भी नहीं मिला सुराग

मछलीशहर: नगर निवासी गत 19 जुलाई से लापता अनुसूचित जाति की किशोरी का 10 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं मिल सका है। पिता ने सोमवार की शाम कोतवाली में तहरीर दी कि वह सुबह 10 बजे रोडवेज जाने की बात कहकर घर से गई थी। पुलिस तलाश में जुट गई है।। (जासं)

280 वाहनों का चालान

जौनपुर: जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को 280 वाहनों का चालान कर जुर्माना लगाया गया। विभिन्न थानों व यातायात पुलिस टीमों ने प्रमुख चौराहों व संवेदनशील मार्गों पर सघन चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर यह कार्रवाई की।

दो मनचलों को किया गिरफ्तार

जौनपुर: सिकरारा थाना प्रभारी विश्वनाथ प्रताप सिंह ने उनके सहयोगियों ने सोमवार को विद्यालय के पास आने-जाने वाली लड़कियों व महिलाओं पर अश्लील टिप्पणियां करते दो शोहदों को गिरफ्तार कर लिया। (जासं)

50 लाख की लागत से बनी सड़क तीन माह में ही ध्वस्त

पहली बारिश में ही खुल गई सड़क निर्माण की गुणवत्ता की पोल

जागरण संवाददाता, विंगरामऊ (जौनपुर): क्षेत्र के बछुआर गांव नहर पटरी से नकहरा खानदेव तक जाने वाली सड़क को लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 50 लाख रुपये की लागत से बनाये गई थी। इस मार्ग के निर्माण के तीन महीने बाद ही पहली हल्की बारिश में सड़क जगह जगह धंस धंस गया है।

ग्रामीणों ने सड़क उखड़ने और कई स्थानों पर सड़क बैठ जाने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता की शिकायत की है। सड़क बनने के बाद क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन की उम्मीद थी, लेकिन पहली ही हल्की बारिश ने सड़क की मजबूती की पोल खोल दी। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और धंसाव होने से आवागमन करने वालों को परेशान होन पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार किया गया होता, तो सड़क महज तीन महीने में ही न टूट जाती। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों से सड़क निर्माण की निष्पक्ष जांच, जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदार पर कार्रवाई तथा सड़क का पुनर्निर्माण कराने की मांग की है।

सिंगरामऊ क्षेत्र के बछुआर गांव में नकहरा खानदेव मार्ग स्थित नहर के पास तीन माह पूर्व बनी सड़क धंसी ● जागरण

> इस सड़क को देखने से यह लगा रहा है कि किसी भारी वाहन के आवागमन के कारण उक्त सड़क टूट गई है। शीघ्र ही उक्त सड़क का निरीक्षण करते हुए जांच की जाएगी। यदि इसमें लापरवाही पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।
> – **नीरज सिंह**, जेई लोक निर्माण विभाग।

विकास अध्यक्ष, विवेक को फिर मंत्री का पद

जागरण संवाददाता, शाहगंज (जौनपुर): विकास सिंह अध्यक्ष और विवेक सिंह लगातार दूसरी बार उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ शाहगंज तहसील इकाई के मंत्री निर्वाचित हुए। परिणाम घोषित होने के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत कर उन्हें बधाई दी गई।

चुनाव प्रक्रिया जिला बरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश कुमार, जिला कोषाध्यक्ष दीपक सिंह, सदर अध्यक्ष विक्रांत चौहान तथा केराकत इकाई के मंत्री रामेश्वर यादव की देखरेख में संपन्न हुई।

मतगणना में अध्यक्ष पद पर विकास सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी बिंदू प्रकाश सिंह को 81 मतों से पराजित किया। वहीं मंत्री पद पर विवेक सिंह ने यशपाल को 58 मतों से हराकर दोबारा जीत दर्ज की। इसके अलावा अशोक कुमार बरिष्ठ उपाध्यक्ष, रविकांत मौर्य कनिष्ठ उपाध्यक्ष, पंकज पटेल उपमंत्री, राहुल मौर्य कोषाध्यक्ष तथा राकेश कुमार ऑडिटर निर्वाचित घोषित किए गए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन को एकजुटता बनाए रखने, लेखपालों की समस्याओं के समाधान और राजस्व कार्यों के बेहतर संचालन का संकल्प लिया।

जिला अस्पताल में ठप है अल्ट्रासाउंड सुविधा

जागरण संवाददाता, मंछली (जौनपुर): जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन खराब होने से मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जांच के लिए रोजाना आने वाले मरीजों को बिना अल्ट्रासाउंड कराए वापस लौटना पड़ रहा है या फिर उन्हें निजी केंद्रों का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे खासकर गर्भवती महिलाओं, पेट व अन्य गंभीर बीमारियों के मरीजों की दिक्कतें बढ़ गई हैं।

अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज अल्ट्रासाउंड जांच के लिए पहुंचते हैं, लेकिन मशीन खराब होने के कारण जांच सेवा पूरी तरह प्रभावित हो गई है। मरीजों और उनके तीमारदारों को घंटों इंतजार करने के बाद मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. संजय कन्नौजिया ने बताया कि अल्ट्रासाउंड मशीन तकनीकी खराबी के कारण काम नहीं कर रही है। जल्द ही मशीन ठीक होकर वापस आ जाएगी। शहाबुद्दीनपुर निवासी गीता ने बताया कि मुझे अल्ट्रासाउंड कराना था, लेकिन मशीन खराब होने से नहीं हो सका। इसी तरह से अन्य कई मरीज भी निराश होकर वापस हुए।

जिला चिकित्सालय ● जागरण

पूविवि में आज रहेगा अवकाश

जागरण संवाददाता, मछली (जौनपुर): वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विवि में दीक्षा समारोह की तैयारियों के लिए रविवार को भी कार्यालय खोले गए थे। इसके बदले विश्वविद्यालय में मंगलवार, 29 जुलाई को अवकाश घोषित किया गया है। इस दिन विवि के सभी शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक कार्यालय बंद रहेंगे। विवि प्रशासन की ओर से जारी पत्र के अनुसार कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह के आदेश पर यह निर्णय लिया गया है। उप कुलसचिव अजीत सिंह के द्वारा संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को इसकी सूचना दे दी गई है।

किसानों को एक छत के नीचे मिलेगी जानकारी

- तकनीक, मृदा परीक्षण के आधार पर जानकारी प्राप्त कर सकेंगे
- उत्पादों की बिक्री व प्रसंस्करण की सुविधा मिलेगी

जागरण संवाददाता, जौनपुर: यूनिक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सिद्धिकपुर में प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन (एग्रीजंक्शन) योजना के तहत चयनित 21 अभ्यर्थियों की 13 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का मंगलवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के दौरान उप कृषि निदेशक डा. अश्वनी कुमार सिंह ने कहा कि किसानों को बीज, उर्वरक, कीटनाशक, जैव उत्पाद, कृषि यंत्र व सरकारी योजनाओं की जानकारी एक ही छत के नीचे उपलब्ध होगी। इन केंद्रों पर किसान आधुनिक तकनीक, मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरक का सुझाव, फसल प्रबंधन और बाजार संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा छोटे कृषि यंत्र किराए पर मिलेंगे, उपकरणों की मरम्मत, कृषि उत्पादों की बिक्री और प्रसंस्करण की सुविधा भी मिलेगी।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक बन स्टाप शाप (एग्रीजंक्शन) केंद्र की लागत लगभग 4.22 लाख निर्धारित की गई है, जिसमें 3.5 लाख तक का बैंक ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। 7.5 प्रतिशत की दर से ब्याज अनुदान दिया जाएगा। पहले वर्ष में किराया सहायता के रूप में 24 हजार रुपये और प्रशिक्षण व अन्य खर्चों के लिए भी सहायता दी जाएगी। प्रति केंद्र 77900 तक की सहायता का प्रविधान है, उन्होंने कहा कि किसानों को उनके क्षेत्र में समय से कृषि निवेशों की उपलब्धता से जहां उत्पादन बढ़ेगा वहीं रोजगार का सृजन भी होगा। आरसेटी निदेशक उपेंद्र कुमार ने कहा कि योजना से किसानों को जहां एक ही जगह कृषि निवेश प्राप्त होंगे वहीं उचित परामर्श भी मिलने से लागत कम एवं उत्पादन अधिक प्राप्त होगी।

सिद्धीकपुर में आयोजित कृषि उद्यमी स्वावलंबन योजना के तहत आयोजित प्रशिक्षण के समापन पर वितरित प्रमाणपत्र के साथ प्रशिक्षु युवा ● जागरण

गुरु पूर्णिमा आज, विधि विधान से होगी गुरुपूजा

जागरण संवाददाता, जौनपुर: गुरु-शिष्य सनातनी परंपरा का प्रमुख पर्व गुरु पूर्णिमा बुधवार को है। इस दिन शिष्य अपने गुरु की पूजा विधि विधान से करेंगे। इसके निमित्त विभिन्न आश्रमों पर मंगलवार की देर शाम तक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाता रहा। जनपद के विभिन्न आश्रमों के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिष्य सुदूर जनपदों में स्थित अपने गुरुओं के आश्रम जाकर गुरुओं का आशीर्वाद लेते हैं।



नौघेडवा: बबशा विकास खंड के हैदरपुर गांव स्थित श्री बालक बाबा जी महाराज के पावनधाम आश्रम पर गुरुपूर्णिमा महोत्सव की तैयारी पूरी हो चुकी हैं। मंगलवार तक बड़ी संख्या में साधु संतों का आगमन हो चुका है। आश्रम व्यवस्थापक मार्कंडेय सिंह मुन्ना ने बताया कि गुरुपूर्णिमा महोत्सव में होने वाली भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस बल के अलावा दो प्लाटून पीएसी के जवानों के साथ महिला पुलिसकर्मी व फायर ब्रिगेड के वाहन मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि आश्रम पर होने वाला कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शुरू हो जाएगा जो शाम तक अनवरत चलता रहेगा। श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया है।

Kalyan Singh Super Specialty Cancer Institute
C.G. City, Sultanpur Road, Lucknow-226002
(An Autonomous Institute of the Govt. of Uttar Pradesh)
Website: https://cancerinstitute.edu.in Email: jdmm.sscli@gmail.com

TENDER NOTICE

On-line offers are invited through Custom bids on GeM portal. The GEM bid Nos. are given herewith:

1- GEM/2026/B/7807803 dated: 27.07.2026 for the item- **Slide Cabinet**
2- GEM/2026/B/7807764 dated: 27.07.2026 for the item- **Cold Plate**
3- GEM/2026/B/7808661 dated: 27.07.2026 for the item- **Complete Bipolar Resectoscope Set with PCNL and URS (Flexible chip on tip Video Cystonephroscope and Ureteroscope)**
4- GEM/2026/B/7810681 dated: 27.07.2026 for the item- **5 Para (7 Para) Monitors wall mounted with one Central Cardiac Station**

Offer are invited from Original Equipment Manufacture/Direct Importers/Authorized Distributors (declared by principal firm only) for the supply & installation of **aforementioned Equipment. Bidders should submit their Representation only on GeM Portal regarding Equipment within time frame provided by GeM.** The vendors are required to submit their offers on GeM portal only in two bids system i.e. Technical and Financial bid as per norms of GeM Portal with terms and conditions as mentioned against bidding documents.

For more detailed information you may please visit the GeM portal **www.gem.gov.in** or our website **https://cancerinstitute.edu.in.** for reference only.

The Director reserves the right to accept or reject any tender in part or full without assigning any reason thereof.

Advt. No. KSSSCI/Tender-10/2026-27 **Joint Director**

उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद्
पं. दीन दयाल उपाध्याय पर्यटन भवन
निकट जी.एन.आई.टी. हैलीपैड गढ़ी कैन्ट, देहरादून – 248001,
दूरभाष : 0135–2559999, फैक्स : 2559968

उत्तराखण्ड शासन

संख्या: 2464/2-8-580/2026-27 **दिनांक: 28 जुलाई 2026**

ट्रेवेट मैनेजमेंट के लिए पैनल में शामिल होने हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के लिए अनुरोध

विवरण वेबसाइट **www.uktenders.gov.in** पर 29.07.2026 को दोपहर 3:00 बजे से प्राप्त किया जा सकता है। इच्छुक बोलीदाता दिनांक 04.08.2026 को दोपहर 2:00 बजे तक **publicityutdb@gmail.com** पर ईमेल करके स्पष्टीकरण मांग सकते हैं, जो **procurement.utdb@gmail.com** पर CC किया गया हो। तारीख बढ़ाने संबंधित कोई भी परिशिष्ट/संशोधन केवल **www.uktenders.gov.in** पर अपलोड किया जाएगा। बोलियां केवल **www.uktenders.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन जमा की जानी चाहिए। बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि 24.08.2026 को दोपहर 03:00 बजे तक है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी

नोटिस
कार्यालय नगर मजिस्ट्रेट, मीरजापुर।

संख्या-171/एस.टी.-न.म.-2026-नोटिस सरकेसी एक्ट /
दिनांक 22.07.2026

1- मेसर्स के.एस. इन्टर प्राइजेस, प्रो. सत्तन हुसैन पुत्र सब्बो हुसैन निवासी पीलीकोठी, रोडवेज के सामने पुरानी वर्कशाप मीरजापुर।
2- श्री सद्दाम हुसैन पुत्र सब्बो हुसैन निवासी विन्ध्याचल मीरजापुर।
3- श्री मैनुद्दीन पुत्र जलील बेग उर्फ बब्बू बेग निवासी कलित अरीफ, विन्ध्याचल रोड मीरजापुर।

न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट मीरजापुर में योजित वाद संख्या-1044/2025 डी-20251653000 1044 अन्तर्गत धारा 14 वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्गठनीय एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम 2002 केनरा बैंक बनाम के.एस. इण्टर प्राइजेज आदि में पारित आदेश दिनांक 18.12.2025 में नगर मजिस्ट्रेट मीरजापुर की यह निर्देशित किया गया है कि निम्नलिखित सम्पत्ति स्थित मौजा कलित तप्पा 96 परगना कलित तहसील सदर जनपद मीरजापुर की आ.सं. 1618 नि. क्षेत्रफल 319.00 वर्गफीट व आ.सं. 1618 नि. क्षेत्रफल 377 वर्गफीट जिसकी चौहदी पूरब-12 फीट चौड़ा कच्चा रास्ता, पश्चिम-नजीबुन निशा की भूमि, उत्तर-मुनीबर अली की बाउण्ड्री, दक्षिण-मैनुद्दीन द्वारा खरीदी जा रही विक्रेता की भूमि जिस पर कब्जा लेकर केनरा बैंक शाखा बाजीराव कटरा मीरजापुर के अधिकृत अधिकारी को हस्तगत करा दिया जाय।

अतः पारित आदेश के क्रम में आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त सम्पत्ति से अपना कब्जा दिनांक 17.08.2026 तक हटाते हुए केनरा बैंक शाखा बाजीराव कटरा मीरजापुर के अधिकृत अधिकारी को हस्तगत करा कर अवहेलनाकारी को अवगत करा दें। यदि आप द्वारा उक्त सम्पत्ति से नियत समय तक अपना कब्जा नहीं हटाया जाता है, तो आपको बिना अतिरिक्त अवसर प्रदान किये ही आपका कब्जा उक्त सम्पत्ति से हटाते हुए बैंक को दे दिया जायेगा।

नगर मजिस्ट्रेट,
मीरजापुर।

नोटिस
कार्यालय नगर मजिस्ट्रेट, मीरजापुर।

संख्या-171/एस.टी.-न.म.-2026-नोटिस सरकेसी एक्ट /
दिनांक 22.07.2026

1- मेसर्स सिमरन ट्रेडर्स प्रो. मैनुद्दीन पुत्र जलील शेख उर्फ चब्बू शेख, निवासी कलित विन्ध्याचल रोड, मीरजापुर।
2- श्री मैनुद्दीन पुत्र जलील शेख उर्फ बब्बू शेख, निवासी छोटा मीरजापुर, जिला मीरजापुर।
3- श्रीमती जाहिया बेगम पत्नी जलील शेख उर्फ चब्बू शेख, निवासी मकान नम्बर 1612/5 मौजा कलित, तप्पा 84 परगना कलित तहसील सदर, जिला मीरजापुर।

न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट मीरजापुर में योजित वाद संख्या-1055/2025 डी-20251653000 1055 अन्तर्गत धारा 14 वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्गठनीय एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम 2002 केनरा बैंक बनाम मेसर्स सिमरन ट्रेडर्स में पारित आदेश दिनांक 18.12.2025 में नगर मजिस्ट्रेट मीरजापुर की यह निर्देशित किया गया है कि निम्नलिखित सम्पत्ति स्थित मौजा कलित तप्पा 96 परगना कलित तहसील सदर जनपद मीरजापुर की आ.सं. 1617 (वर्तमान में मकान संख्या 1612/5 वार्ड संख्या-1) क्षेत्रफल 675 वर्गफीट जिसकी चौहदी पूरब-रूबीना पत्नी इरशेखान की भूमि, पश्चिम-सड़क 12 फीट, उत्तर-असगना अली की पत्नी रेहाना बानो की भूमि, दक्षिण-नूरजहां बेगम पत्नी अब्बास की भूमि जिस पर कब्जा लेकर केनरा बैंक शाखा बाजीराव कटरा मीरजापुर के अधिकृत अधिकारी को हस्तगत करा दिया जाय।

अतः पारित आदेश के क्रम में आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त सम्पत्ति से अपना कब्जा दिनांक 17.08.2026 तक हटाते हुए केनरा बैंक शाखा बाजीराव कटरा मीरजापुर के अधिकृत अधिकारी को हस्तगत करा कर अवहेलनाकारी को अवगत करा दें। यदि आप द्वारा उक्त सम्पत्ति से नियत समय तक अपना कब्जा नहीं हटाया जाता है, तो आपको बिना अतिरिक्त अवसर प्रदान किये ही आपका कब्जा उक्त सम्पत्ति से हटाते हुए बैंक को दे दिया जायेगा।

नगर मजिस्ट्रेट,
मीरजापुर।

PUNAM Since 1998
सभी प्रकार की सिलाई मशीनें
पूनम एजेन्सीज़
I.M.A. बिल्डिंग के सामने, लहुराबीर, वाराणसी
M-9336599933, 9670111888

मेडिकल हेल्पलाईन
वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ. उषा गुप्ता MBBS 0542-2360146 9984991991
मैस्ट्रो, ब्रेस्ट एवं एडवांस्ड लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. शलभ गुप्ता MS, FRCS (London) 9918881333 9984991991
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. समीर गुप्ता MD (Pediatrics) 9161553168 9984991991
स्त्री, प्रसूति रोग एवं बांझपन विशेषज्ञ
डॉ. दीपाली गुप्ता M.D.(Obs, Gynae) 9792000083 9792000081
स्त्री, प्रसूति रोग एवं बांझपन विशेषज्ञ
डॉ. कावेरी गुप्ता M.R.C.O.G. (London) 9838721188 9984991991
उपरोक्त सभी डॉक्टर्स के अप्वाइंटमेंट के लिए QR CODE को स्कैन करें
आशीर्वाद मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल बिरदोपुर, मडमूरगंज वाराणसी

आवास का लक्ष्य पूर्ण करने वाले बीडीओ को देना होगा प्रमाण पत्र

- वर्ष 2019-20 से 2025-26 तक 21 हजार 772 पात्रों को दिया गया है मुख्यमंत्री आवास
- वर्ष 2026-27 में पांच हजार 444 का पूरा होगा सपना, कराया जा रहा है इसका सत्यापन

जागरण संवाददाता, जौनपुर: मुख्यमंत्री आवास के वंचितों को छांव दिलाने की कवायद तेज कर दी गई है। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतारने के लिए कागजों बजीगरी काम नहीं आएगी। नए फरमान के मुताबिक आवास का लक्ष्य पूर्ण करने वाले बीडीओ को बसयता प्रमाण पत्र देकर यह बताना होगा कि अब उनके यहां कोई भी पात्र शेष नहीं बचा है। ब्लाक से होते हुए प्रमाण पत्र जिला मुख्यालय पहुंचेगा। यहां संबंधित अधिकारी अपनी मुहर लगाकर इसे शासन को भेजेंगे। इससे जहां निर्माण में तेजी आएगी वहीं गड़बड़ी की गुंजाइश भी कम होगी। इसके अलावा पात्रों को योजना से जोड़ने में काफी सुविधा भी होगी।

दिव्यांग, विधवा, बनावसी, एसिड अटैक व अगलगी व बाढ़ जैसे प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों को प्रमुखता से मुख्यमंत्री आवास दिया जाता है। वर्ष 2019-20 से वर्ष 2025-26 तक 21 हजार 772 पात्रों को सरकार की इस प्रमुख योजना से जोड़ा गया। इसके साथ ही वर्ष 2026-27 का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। इसके तहत पांच हजार 444 मुख्यमंत्री आवास बनाए जाएंगे। पात्रों को आवास देने के लिए सभी 21 ब्लाकों में सत्यापन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। जल्द ही शेष लाभार्थियों को भी मुख्यमंत्री आवास के तहत घनराशि उनके खातों में भेजी जाएगी।

> पात्रों को प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री आवास योजना में शामिल किया जा रहा है। इस वित्तीय वर्ष में मिले लक्ष्य के अनुरुप सत्यापन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। संबंधित बीडीओ को भी यह शपथ पत्र देना होगा कि अब उनके यहां कोई पात्र शेष नहीं रह गया है।
> **–रीके पांडेय**, परियोजना निदेशक।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
ई-नीलामी बिक्री सूचना
क्षेत्रीय कार्यालय: प्रथम तल कलीचाबाद, कटघरा देहाती (निकट अंजू गिल एकेडमी) जौनपुर – 222001

अचल सम्पत्तियों के बिक्री के लिए सूचना "अनुलग्नक -IV-A"
[नियम 8 (6) के प्रावधान देखें]

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सपठित प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के तहत ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा कर्जदार/सह कर्जदार एवं ऋणी, कर्जदार/कर्जदारों तथा जमानतकर्ता को विशेष रूप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बंधक अचल सम्पत्ति/सम्पत्तियां प्रकाशित वास्तविक सम्पत्ति को, जिसे बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जे में लिया गया है को बैंक के कब्जा में वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा "जो है जहाँ है", "जो है जैसे है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर बिक्री का प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। ऋणी /जमानतकर्ता/कर्जदार/प्रतिभूति आस्ति/पेश राशि/आरक्षित मूल्य / ई-नीलामी की तिथि एवं समय, मरोहर राशि (ईएमडी) एवं बिड वर्धनेश्री राशि इत्यादि का विवरण निम्नलिखित है:-

धरोहर राशि (ईएमडी) का भुगतान ऑनलाइन एनईएफटी / ट्रान्सफर (चालान निष्पादन के बाद)
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक
नीलामी की तिथि 08.09.2026
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक
https://www.baanknet.com के द्वारा 08.09.2026 को या उसके पहले किया जायेगा।

क्र. सं.	ऋणी / जमानतदार / बंधककर्ता के नाम एवं पते	अचल सम्पत्ति का विस्तृत विवरण ज्ञात अविभाज्य सहित, यदि है (स्वामी/बंधककर्ता का नाम)	कुल बकाया	ई-नीलामी की तिथि एवं समय (प्रातः 10 बजे से सायं 06 बजे तक)	आरक्षित मूल्य/ धरोहर राशि (ईएमडी)/ बिड वर्धनेश्री राशि	कब्जा की स्थिति (रचनात्मक/भौतिक)	सम्पत्ति निरीक्षण हेतु तिथि एवं समय
शाखा– सिपाह, निकट सेल्स स्पिर ब्यू, जिला– जौनपुर – 222002, मो. नं. 9554959068 E-mail : sipah@bankofbaroda.co.in							
1.	ऋणी– श्री बेद प्रकाश पुत्र श्याम बाबू, पता– ग्राम मुजाला पट्टी, पो. आ. जगदीशपुर हुसैनाबाद, जिला– जौनपुर(उ.प्र.)–222002	आवासीय/प्लॉट नं. 587/0.007 हेक्टे. अथवा 70.74 वर्गमी. पर स्थित भूमि के सभी भाग व खण्ड का दिनांक 20.12.2022 को साम्यिक बन्धक, स्थित ग्राम मुजाला पट्टी परगना हवेली, तहसील सदर, जिला– जौनपुर चौहद्दी (सेलडीड के अनुसार) पूरब– आस्त भूखण्ड की भूमि, पश्चिम– श्याम बाबू मुकिम का मकान, उत्तर– तेज बहादुर का मकान, दक्षिण– खड़ंजा रास्ता	रु. 25,02,004.91 (रुपये पच्चीस लाख दो हजार चार एवं पैसे इक्यानवे मात्र) सहित दिनांक 21.09.2025 तक का ब्याज एवं अग्रिम ब्याज, शुल्क एवं व्यय दिनांक 22.09.2025 से प्रभावी	08.09.2026 समय– (प्रातः 10 बजे से सायं 06 बजे तक)	रु. 18,03,800.00 (आरक्षित मूल्य) रु. 1,80,380.00 (अग्रिम धनराशि) रु. 5,000.00 (बिड बढ़ोतरी राशि)	सांकेतिक	07.09.2026 समय : प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक
1.	ऋणी– श्री आशीष कुमार पुत्र राम जी, पता– हीराबाद गली, मखदूमशाह अखान, सबर जौनपुर (उ.प्र.)–222001 सह–ऋणी एवं बंधककर्ता– श्रीमती मैना पत्नी राम जी, पता– हीराबाद गली, मखदूमशाह अखान, सबर जौनपुर (उ.प्र.)–222001	भूमि के सभी भाग व खण्ड का दिनांक 01.02.2022 को साम्यिक बन्धक स्थित आराजी नं.54/0.057 हेक्टे. जिसमें से भूमि का एक भाग 710 वर्गफीट अर्थात 65.99 वर्गमी., चौखा/ग्राम धन्नूपुर (देहाती) परगना हवेली, तहसील सदर, जिला– जौनपुर में स्थित सहित उस पर निर्मित भवन उपरोक्त श्रीमती मैना पत्नी रामजी के नाम है, निवासी– 230 मोहल्ला मखदूमशाह अखान थाना हवेली तहसील सदर जौनपुर। चौहद्दी (सेलडीड के अनुसार) पूरब– श्रीमती मूल बुआरी देवी की भूमि, पश्चिम– खस प्लॉट का रास्ता हिस्सा, उत्तर– उपकोषीय की भूमि, दक्षिण– ग्रामसभा रास्ता	रु. 22,70,009.52 (रुपये बाइस लाख सत्तर हजार छः सौ उनहत्तर एवं पैसे बावन मात्र) सहित दिनांक 17.08.2025 तक का ब्याज एवं अग्रिम ब्याज, शुल्क एवं व्यय दिनांक 18.08.2025 से प्रभावी	08.09.2026 समय– (प्रातः 10 बजे से सायं 06 बजे तक)	रु. 16,22,800.00 (आरक्षित मूल्य) रु. 1,52,290.00 (अग्रिम धनराशि) रु. 5,000.00 (बिड बढ़ोतरी राशि)	सांकेतिक	07.09.2026 समय : प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक

बिक्री के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया बैंक ऑफ बड़ौदा (सुरक्षित ऋणदाता) में प्रदत्त लिंक का अवलोकन करें– वेबसाइट : www.bankofbaroda.bank.in/e-auction & https://baanknet.com

दिनांक– 29.07.2026 **प्राधिकृत अधिकारी/मुख्य प्रबन्धक**
बैंक ऑफ बड़ौदा

शान्वी यूरो क्लीनिक
प्रोस्टेट, पथरी, पेशाब में खून, इन्फेक्शन व स्कावट
किडनी में सूजन, सेक्स सम्बन्धित रोग, इत्यादि
Mob.: 9628504210
24x7 Emergency Services
डा. प्रदीप कुमार सिंह
MBBS, MS (General Surgery)
DrNB (Urology), Consultant Urologist
Ex. Asst. Prof. Medical College Jaunpur
प्रोस्टेट, गुर्दा, मूत्र एवं सेक्स रोग विशेषज्ञ
लाइन बाजार थाना रोड, खरका कालोनी, जौनपुर

रामसूरत सिंह शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान
निकट जफराबाद थाना वाराणसी रोड, मछलीशहर, जौनपुर **College Code : 440028**
डी.एल.एड. (बी.टी.सी.) **ADMISSION OPEN 2026-27**
योग्यता किसी भी विषय से स्नातक **Mob.: 9935899383, 7897665111**

दृष्टि हॉस्पिटल 24x7
डा.ममता यादव
M.B.B.S., D.G.O. (KGMU, Lucknow)
स्त्री प्रसूति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ एण्ड सर्जन
Ex. Senior Resident
Fatima Hospital, Lucknow
Specialist in - High Risk Preganancy & infertility
Mob. - 7398178184, 9455010628
डा.वीरेन्द्र कुमार यादव M.B.B.S., M.S. (Gynae) सेक्स रोग विशेषज्ञ एवं पेल्वी सर्जन
चौदपुर फताई ओवर (पारिवारिक ढाबा) के पास, मिर्जापुर रोड, जौनपुर

Chhatrapati Bappa Rawal Heritage School
Approved by CBSE Delhi (10+2) Classes - Primary to XII (Science, Commerce & Arts)
Required - Teachers in English, Sanskrit, Computer, Maths (TGT & PGT)
Address: Jaunpur, Near Malhani bazar, U.P. Mob. 8881471177

स्टे राड में उतरे करंट से भैंस की गई जान

जागरण संवाददाता, मीरगंज: क्षेत्र के बभनिवांव गांव निवासी दया शंकर सरोज की भैंस मंगलवार को चरते हुए बिजली के खंभे के स्टे राड के पास पहुंच गई। उसमें उतर स्टे करंट के कारण झुलसने से नीके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों का आरोप है स्टे राड में कई दिनों से करंट उतरने की शिकायत की जा रही थी, लेकिन बिजली विभाग के अधिकारियों ने गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने मरम्मत व पीड़ित को मुआवजा देने की मांग की है।

केंद्रीय मंत्री से मिले पूर्व सांसद वीपी सरोज

जासं, मीरगंज (जौनपुर): मछलीशहर के पूर्व सांसद बीपी सरोज ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री से भेंट की। मुलाकात में मछलीशहर संसदीय क्षेत्र के विकास, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनहित के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। पूर्व सांसद ने क्षेत्र की विकास संबंधी आवश्यकताओं से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया।